बरेली, रविवार
15 जून, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22+4+4=30

# दैनिक जागरण

**PAGE NO : 08 BOTTOM**

## एसआरएमएस में लगा रक्तदान शिविर

जासं, बरेली: एसआरएमएस मेडिकल साइंसेज में विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से शिविर का उद्घाटन निदेशक आदित्य मूर्ति ने रक्तदान कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक में पर्याप्त यूनिट ब्लड रहे, इसके लिए समय-समय पर रक्तदान जरूरी है। वहीं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की डा. आकृति बैजल ने कहा कि अधिकांश लोग इच्छा होने के बाद भी रक्तदान नहीं कर सकें। दो दिन में 72 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। साथ ही रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डीन यूजी डा. बिंदु गर्ग, कैंसर विशेषज्ञ डा. पवन मेहरोत्रा व स्टाफ ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर प्राचार्य एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डिप्टी एमएस डा. सीएम चतुर्वेदी, डा. पवन मेहरोत्रा, रविंद्र सिंह, प्रेरणा कौशिक आदि उपस्थित रहे।




एसआरएमएस में विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान करते आदित्य मूर्ति • सौजन्य संस्थान